माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर

(पुवाँरका, सहारनपुर, उ0प्र0, पिन–247120)

Website- msuniversity.ac.in Email ID – nss@msuniversity.ac.in

पत्रांक : 2200 / NSS / MSU / 2022–23 दिनांक: 23/12/2022

सेवा में,

प्राचार्य / प्राचार्या / निदेशक,
समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय / संस्थान
माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर।

विषयः– **26 दिसम्बर को "वीर बाल दिवस" मनाये जाने के सम्बन्ध में।**

महोदय / महोदया,

कृपया उपर्युक्त विषयक उच्च शिक्षा अनुभाग–3 के संलग्न पत्रांकः 4322 / सत्तर–3–2022 दिनांक 22 दिसम्बर, 2022 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा श्री गुरु गोविन्द सिंह महाराज के साहिब जादो की स्मृति में प्रदेश में संचालित शिक्षण संस्थाओं में दिनांकः 23 दिसम्बर 2022 को चित्रकला, भाषण, निबन्ध, मौखिक प्रश्नोत्तरी आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन कराये जाने के साथ ही दिनांक 26 दिसम्बर 2022 को "वीर बाल दिवस" मनाये जाने की कार्यवाही कराकर कृत कार्यवाही को कार्यालय की ई–मेल **nss@msuniversity.ac.in** पर प्रेषित कराना सुनिश्चित करें, जिससे शासन को ससमय अवगत कराया जा सकें।

संलग्नक : यथोपरि।

(डॉ0 भूपेन्द्र कुमार)
कार्यक्रम समन्वयक

प्रतिलिपि :

1. कुलपति कार्यालय, मा0 कुलपति जी के संज्ञानार्थ।
2. कुलसचिव कार्यालय, कुलसचिव महोदय के सूचनार्थ।

(डॉ0 भूपेन्द्र कुमार)
कार्यक्रम समन्वयक

संख्या–4322/सत्तर–3–2022

प्रेषक,

सर्वेश कुमार सिंह,
संयुक्त सचिव
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

1. **निदेशक,**
उच्च शिक्षा
उ0प्र0 प्रयागराज।

2. **कुलसचिव,**
समस्त राज्य विश्वविद्यालय/
निजी विश्वविद्यालय,
उत्तर प्रदेश।

3. **समस्त क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी,**
उत्तर प्रदेश।

उच्च शिक्षा अनुभाग–3 **लखनऊ : दिनांक 22 दिसम्बर, 2022**

विषयः– दिनांक 26 दिसम्बर को "वीर बाल दिवस" मनाये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक विशेष सचिव, अल्पसंख्यक कल्याण एवं वक्फ अनुभाग–4 के पत्र संख्या–582/52–4–2022–E-1675722 दिनांक 20 दिसम्बर, 2022 (छाया प्रति संलग्न) द्वारा अवगत कराया गया है कि श्री गुरू गोविन्द सिंह जी महाराज के साहिबजादों की स्मृति में प्रदेश में संचालित शिक्षण संस्थाओं में दिनांक 23–12–2022 को चित्रकला, भाषण, निबन्ध, मौखिक प्रश्नोत्तरी आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन कराने के सम्बन्ध में आवश्यक कार्यवाही किये जाने के साथ ही दिनांक 26–12–2022 को **"वीर बाल दिवस"** मनाये जाने की कार्यवाही भी कराने की अपेक्षा की गयी है।

2– इस सम्बन्ध में उपरोक्त संदर्भित पत्र की छाया प्रति संलग्न कर प्रेषित करते हुये मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि कृपया उपरोक्तानुसार कार्यवाही सुनिश्चित कराने का कष्ट करें।

संलग्नक–यथोपरि।

भवदीय,

(सर्वेश कुमार सिंह)
संयुक्त सचिव।

संख्या- 4322

संख्या-582 /52-4-2022-E-1675722

संख्या 2114 /VIP/PSHED/2022

प्रमुख सचिव कार्यालय में
प्राप्त दिनांक 21/12/22

प्रेषक,

अनिल कुमार,
विशेष सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

21/12/22

(जय करन)
निजी सचिव,
उच्च शिक्षा विभाग
उत्तर प्रदेश शासन

सेवा में,

1-अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव,
उच्च शिक्षा विभाग, माध्यमिक शिक्षाविभाग, प्राविधिक शिक्षा विभाग,
उत्तर प्रदेश शासन।

2-निदेशक ,
अल्पसंख्यक कल्याण, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

अल्पसंख्यक कल्याण एवं वक्फ अनुभाग-4 लखनऊ : दिनांक 26 दिसम्बर 2022

विषय- दिनांक 26 दिसम्बर को "वीर बाल दिवस" मनाये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में अवगत कराना है कि दसवें सिख गुरू गोविन्द सिंह जी के छोटे पुत्रों साहिबजादा जोरावर सिंह और साहिबजादा फतेहसिंह द्वारा क्रमशः 9 और 6 साल की छोटी उम्र में सिख पंथ की गरिमा और सम्मान की रक्षा हेतु 26 दिसम्बर, 1705 को सर्वोच्च और अप्रतिम बलिदान दिया गया। उनके द्वारा न्याय के मार्ग पर महान वीरता और सर्वोच्च बलिदान के लिए कृतज्ञ राष्ट्र की श्रृद्धांजलि के रूप में 26 दिसम्बर को "वीर बाल दिवस" के रूप में मनाये जाने की घोषणा भारत सरकार द्वारा की गयी है।

2- ऐसे महान नायकों की जीवनी एवं इतिहास से प्रत्येक नागरिक, विशेषकर किशोरों एवं नवयुवकों को अवगत कराये जाने की नितान्त आवश्यकता है ताकि वे इन महापुरूषों के जीवन से प्रेरणा ले सकें तथा एक सभ्य एवं सशक्त भारत का निर्माण किया जा सके।

3- इस संबंध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि कृपया साहिब श्री गुरूगोविन्द सिंह जी महाराज के साहिबजादों की स्मृति में प्रदेश के संचालित शिक्षण संस्थाओं में दिनांक 23-12-2022 को चित्रकला, भाषण, निबंध, मौखिक प्रश्नोत्तरी आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन कराये जाने के संबंध में आवश्यक कार्यवाही कराएं। साथ ही, दिनांक 26.12.2022 को "वीर बाल दिवस" मनाये जाने की कार्यवाही भी कराने का कष्ट करें।

भवदीय,

(अनिल कुमार)
विशेष सचिव।

संख्या एवं दिनांक तदैव ।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1- निजी सचिव, मा0 मंत्री जी/मा0 राज्य मंत्री जी, अल्पसंख्यक कल्याण एवं वक्फ विभाग ।

2- निजी सचिव, अपर मुख्य सचिव, अल्पसंख्यक कल्याण एवं वक्फ विभाग , उ०प्र० शासन ।

3- निजी सचिव, प्रमुख सचिव बेशिक शिक्षा विभाग, उ0प्र0 शासन।

4- समस्त मण्डलायुक्त/जिलाधिकारी उ0प्र0 ।

5- रजिस्टार, उ0प्र0 मदरसा शिक्षा परिषद, लखनऊ ।

6- सचिव, उत्तर प्रदेश अल्पसंख्यक आयोग, लखनऊ ।

आज्ञा से,

(शकील अहमद सिद्दीकी)
उप सचिव।